# Daily Current Affairs

**Date : 17 July, 2025**

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | टीबी मुक्त राजस्थान |
| 2. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. नेक्स्ट जनरेशन कॉम्बैट शेपिंग टुमारो मिलिट्री टुडे<br>2. शक्ति-2025 नेशनल सम्मान<br>3. BITS-पिलानी का अमरावती में 'AI Plus' परिसर |
| 3. | प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना |
| 4. | महाराष्ट्र मेरीटाइम समिट 2025 |
| 5. | सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का नया आधार वर्ष : 2022-23 |
| 6. | भारतीय संविधान का अनुच्छेद 326 |
| 7. | भारत की नवीकरणीय ऊर्जा में ऐतिहासिक वृद्धि |
| 8. | 16वां इंडिया ट्रेंड फेयर 2025 |
| 9. | काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान - असम |
| 10. | विश्व सर्प दिवस |
| 11. | वर्षा देशपांडे |
| 12. | डॉ. अभिजात शेठ |
| 13. | सोनाली मिश्रा |
| 14. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. असम के डिब्रूगढ़ में हाइड्रोकार्बन की खोज<br>2. जून, 2025 - ICC प्लेयर ऑफ द मंथ<br>3. देश का पहला एक्वा टेक पार्क<br>4. भारत और अर्जेंटीना के बीच कृषि बैठक<br>5. भारत में टेस्ला कंपनी का पहला शॉरूम |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## टीबी मुक्त राजस्थान

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **राजस्थान में 25 जून से 21 जुलाई, 2025 तक 'सक्रिय क्षय रोग खोज अभियान' चलाया जा रहा है।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **इस अभियान के माध्यम से अब तक 74 लाख (44 प्रतिशत) से अधिक अति संवे दनशील जनसंख्या की घर-घर जाकर स्क्रीनिंग की जा चुकी है।**
- **अभियान का लक्ष्य: प्रदेश के 1.67 करोड़ संवेदनशील व्यक्तियों की टीबी जाँच करना।**
- **उद्देश्य : टीबी के छिपे मामलों की शीघ्र पहचान कर समय पर नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराना।**
- **अभियान के तहत PLHIV (People Living with HIV), डायबिटीज रोगी, 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग, कुपोषित व्यक्ति, धूम्रपान, मद्यपान करने वाले, प्रवासी श्रमिक, आदिवासी समुदाय, पूर्व टीबी रोगी तथा खनन एवं निर्माण स्थलों, जेलों एवं शहरी झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों की घर-घर जाकर स्क्रीनिंग की जा रही है।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु :**

- **NAAT तकनीक: न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन टेस्ट (NAAT) का इस्तेमाल तपेदिक (TB) के निदान के लिए एक उपकरण के रूप में किया जाता रहा है।**
- **निक्षय पोर्टल : इस पोर्टल के माध्यम से टीबी मरीजों की पहचान, उपचार एवं भुगतान की रियल टाइम निगरानी सुनिश्चित की जाती है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **क्षयरोग (TB) :** क्षयरोग (टीबी) एक जीवाणुजनित संक्रमण है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण होता है। यह रोग मुख्यतः फेफड़ों को प्रभावित करता है, किंतु यह पेट, ग्रंथियों, हड्डियों तथा तंत्रिका तंत्र जैसे शरीर के अन्य भागों को भी प्रभावित कर सकता है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान:**

- **शुरुआत -** 9 सितम्बर, 2022
- **सम्बद्ध मंत्रालय -** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (भारत सरकार)
- **लक्ष्य –** वर्ष 2025 तक टीबी का उन्मूलन।
- **नोट :** टीबी उन्मूलन के लिए वैश्विक लक्ष्य वर्ष 2030 है।

**'टीबी मुक्त पंचायत' पहल:**

- 24 मार्च, 2023 को विश्व ट्यूबरक्लोसिस दिवस' पर प्रधानमंत्री द्वारा वाराणसी में आयोजित 'वन वर्ल्ड टीबी समिट - 2023' का उद्घाटन किया गया तथा 'टीबी मुक्त पंचायत' पहल की शुरुआत की।
- यह टीबी के लिए लघु निवारक उपचार और परिवार-केंद्रित देखभाल मॉडल की आधिकारिक अखिल भारतीय पहल है।

**वैश्विक प्रयास:**

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा "Find. Treat. All. #EndTB" संयुक्त पहल ग्लोबल फंड और स्टॉप टीबी पार्टनरशिप के साथ शुरू की गई है।
- प्रति वर्ष 24 मार्च को विश्व तपेदिक दिवस (World Tuberculosis Day) मनाया जाता है।
- **वर्ष 2025 की विषयवस्तु (Theme):** "हाँ! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं: प्रतिबद्ध, निवेश, वितरण (Yes! We Can End TB: Commit, Invest, Deliver)



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **नेक्स्ट जनरेशन कॉम्बैट शेपिंग टुमारो मिलिट्री टुडे**<br>♦ हाल ही में जयपुर मिलिट्री स्टेशन में नेक्स्ट जनरेशन कॉम्बैट शेपिंग टुमारो मिलिट्री टुडे टेक सेमिनार का आयोजन किया गया।<br>♦ इस सेमिनार में आत्मनिर्भर भारत की तर्ज पर देश में बने सैन्य उपकरण प्रदर्शित किए गए। |
| 2. | **शक्ति-2025 नेशनल सम्मान**<br>♦ जोधपुर स्थित सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी एवं पुनर्वास मनोवैज्ञानिक डॉ. कृति भारती को वडोदरा में आयोजित शक्ति-2025 महिला सशक्तीकरण संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम में शक्ति-2025 नेशनल सम्मान से सम्मानित किया गया।<br>♦ यह सम्मान उन्हें समाज में महिला सशक्तीकरण और पुनर्वास के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। |
| 3. | **BITS-पिलानी का अमरावती में 'AI Plus' परिसर**<br>♦ उच्च शिक्षा और उभरती प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध डीम्ड विश्वविद्यालय बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस (BITS-पिलानी) आंध्र प्रदेश के अमरावती में अपना पहला 'AI Plus' परिसर स्थापित करेगा।<br>♦ इस अत्याधुनिक परिसर को कैपिटल रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (CRDA) द्वारा आवंटित 70 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा। इसका उद्देश्य दो चरणों में कुल 7,000 छात्रों को शैक्षणिक और अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करना है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने छह वर्षीय 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को स्वीकृति प्रदान दी।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **यह योजना कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर केंद्रित पहली विशिष्ट योजना है।**
- **इसकी घोषणा केन्द्रीय बजट 2025-26 में की गई।**
- **यह योजना वर्ष 2025-26 से देश भर के 100 ज़िलों में लागू होगी।**
- **इन 100 जिलों का निर्धारण तीन प्रमुख संकेतकों के आधार पर किया जाएगा जैसे- कम उत्पादकता, कम फसल सघनता और अल्प ऋण वितरण।**
- **यह योजना आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम से प्रेरित हैं।**
- **इस योजना का क्रियान्वयन 11 विभागों की 36 मौजूदा योजनाओं, राज्यों की अन्य योजनाओं और निजी क्षेत्र की स्थानीय भागीदारी में किया जाएगा।**
- **इस कार्यक्रम से लगभग 1.7 करोड़ छोटे एवं सीमांत किसान लाभान्वित होंगे।**
- **योजना का उद्देश्य: कृषि उत्पादकता में बढ़ोत्तरी, फसल विविधीकरण और संधारणीय कृषि पद्धतियों को अपनाना, कटाई के बाद पंचायत और प्रखंड स्तर पर भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधा में सुधार और दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक ऋण उपलब्धता को सुगम बनाना।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महाराष्ट्र मेरीटाइम समिट 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **16 जुलाई, 2025 को मुंबई में महाराष्ट्र मेरीटाइम समिट 2025 का आयोजन किया गया।**




## ➲ मुख्य बिंदु :

- **आयोजक : नेटवर्क टाइम्स।**
- **सहयोग : महाराष्ट्र मेरीटाइम बोर्ड, मत्स्य पालन और बंदरगाह मंत्रालय तथा महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से आयोजित।**
- **समिट का उद्घाटन : देवेंद्र फडणवीस (मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र)**
- **समिट का मुख्य उद्देश्य : महाराष्ट्र में सतत्, समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी समुद्री विकास की दिशा तय करना।**
- **समिट में बंदरगाह विकास, ग्रीन लॉजिस्टिक्स, हरित समुद्री प्रौद्योगिकी और रोजगार सृजन जैसे विषयों पर चर्चा की गई।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का नया आधार वर्ष : 2022-23




## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत सरकार ने आर्थिक आकलनों की सटीकता बढ़ाने के उद्देश्य से सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की गणना के लिए आधार वर्ष 2011-12 से बदलकर 2022-23 करने की घोषणा की है।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- यह संशोधन एक दशक से अधिक समय में पहली बार किया जा रहा है।
- **सलाहकार समिति का गठन :** राष्ट्रीय खातों के आँकड़ों (नेशनल अकाउंट स्टैटिस्टिक्स) को बेहतर बनाने के लिए 26 सदस्यीय राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी सलाहकार समिति (ACNAS) का गठन किया गया है।
  - **अध्यक्ष :** बिश्वनाथ गोल्डर।
  - **सदस्य :** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI), केंद्र और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं के प्रतिनिधि शामिल हैं।
  - **समिति का मुख्य कार्य :** नए डेटा स्रोतों की पहचान करना और संशोधित श्रृंखला के तहत राष्ट्रीय खातों के आँकड़ों को संकलित करने की पद्धति को परिष्कृत करना तथा संशोधन में मार्गदर्शन हेतु कार्य करना ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **कार्यान्वयन समयरेखा :** 2022-23 आधार वर्ष पर आधारित संशोधित GDP श्रृंखला को वर्ष 2026 की शुरुआत तक लागू किए जाने की संभावना है।
- विशेषज्ञों का मानना है कि राष्ट्रीय खातों को नवीनतम उपलब्ध आँकड़ों के अनुरूप रखने के लिये आदर्शतः आधार वर्ष को प्रत्येक 5 वर्ष में संशोधित किया जाना चाहिये ताकि आर्थिक आँकड़े बदलते समय के साथ प्रासंगिक बने रहे।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**आधार वर्ष :**

- आधार वर्ष एक विशिष्ट संदर्भ वर्ष है जिसके आधार पर आगामी एवं पूर्ववर्ती वर्षों के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के आँकड़ों की गणना की जाती है।
- वर्ष 2015 में किये गए पिछले आधार वर्ष संशोधन में आधार वर्ष को वर्ष 2004-05 से बदलकर वर्ष 2011-12 कर दिया गया था।
- **विशेषताएँ :** आधार वर्ष एक सामान्य वर्ष आवश्यक हैं, अर्थात् इस वर्ष में सूखा, बाढ़, भूकंप, महामारी आदि जैसी कोई असामान्य घटना घटित नहीं होनी चाहिये। इसके अतिरिक्त, यह वर्षों के अंतराल में बहुत अधिक अंतर नहीं होना चाहिये।
- **आधार वर्ष संशोधन का इतिहास :** वर्ष 1956 में पहला राष्ट्रीय आय अनुमान वित्त वर्ष 1949 को आधार वर्ष मानकर प्रकाशित किया गया था, तब से भारत ने अपने आधार वर्ष को सात बार संशोधित किया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### आर्थिक समीक्षा 2024 – 25 के अनुसार भारत और राजस्थान की GDP :


| आधार | प्रचलित कीमत | स्थिर/वास्तविक कीमत |
|---|---|---|
| राजस्थान की SGDP | 17.04 लाख करोड़ (12.02 प्रतिशत) | 9.06 लाख करोड़ (7.82 प्रतिशत) |
| भारत की GDP | 324.11 लाख करोड़ (9.7 प्रतिशत) | 184.88 लाख करोड़ (6.4 प्रतिशत) |
| भारत की GDP में राजस्थान की GDP का योगदान | 5.26 प्रतिशत | 4.90 प्रतिशत |
| राजस्थान की NSDP | 15.25 लाख करोड़ (12.23 प्रतिशत) | 7.96 लाख करोड़ (8.03 प्रतिशत) |
| राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय (PCI) | ₹185053 (11.04 प्रतिशत) | ₹96638 (6.88 प्रतिशत) |
| भारत की प्रति व्यक्ति आय (PCI) | ₹200162 (8.75 प्रतिशत) | ₹112358 (5.35 प्रतिशत) |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारतीय संविधान का अनुच्छेद 326

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारतीय निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) शुरू किया है।




## ➲ मुख्य बिंदु :

- **पुनरीक्षण का उद्देश्य :** 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नए मतदाताओं को शामिल करना, मृत या डुप्लिकेट मतदाताओं के नामों को हटाना, अशुद्धियों को ठीक करना, चुनावी धोखाधड़ी को रोकना और एक विश्वसनीय मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करना।
- इस कदम से विपक्षी दलों और कार्यकर्ताओं में विवाद छिड़ गया है, क्योंकि उन्होंने कुछ समुदायों और नए मतदाताओं के मताधिकार से वंचित होने का आरोप लगाया है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- आयोग ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत अपने संवैधानिक अधिकार के तहत इस संशोधन को उचित ठहराया है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**अनुच्छेद 326 :**

- 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के प्रत्येक भारतीय नागरिक को लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों में मतदान का अधिकार प्रदान करता है।
- यह सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की स्थापना करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि किसी भी नागरिक को कानून द्वारा निर्धारित आधारों के अतिरिक्त किसी भी कारण से मताधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा।
- **वंचित करने के आधार :** गैर-निवासी, मानसिक विकृति, आपराधिक दोषसिद्धि या भ्रष्ट चुनावी आचरण इत्यादि।
- **अनुच्छेद 326 के तहत चुनाव आयोग का अधिदेश :** चुनाव आयोग के लिए संवैधानिक रूप से सटीक और अद्यतन मतदाता सूची बनाए रखना अनिवार्य है। इसमें डुप्लिकेट, अयोग्य या पुरानी प्रविष्टियों को हटाना और नए पात्र मतदाताओं को जोड़ना शामिल है।
- इस संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सर्वोच्च न्यायालय में दायर किया गया जो चुनावी अखंडता और समावेशिता के बीच संतुलन बनाने के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठाता है।
- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 326 प्रत्येक वयस्क नागरिक को मतदान का अधिकार प्रदान करता है, जिसे 1989 में 61वें संविधान संशोधन द्वारा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दिया गया।

**प्रमुख विवाद :**

- कुलदीप नायर बनाम भारत संघ (2006) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि 'चुनाव का अधिकार' एक वैधानिक अधिकार है, न कि मौलिक या संवैधानिक अधिकार।
- न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी ने अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ (2023) मामले में असहमति जताते हुए 'मतदान के अधिकार' को अनुच्छेद 19(1)(A) और 21 की अभिव्यक्ति के रूप में देखा, हालांकि यह अल्पमत की राय है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत की नवीकरणीय ऊर्जा में ऐतिहासिक वृद्धि




## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार भारत की कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता 484.8 गीगावाट है जिसमें से 242.8 गीगावाट ऊर्जा गैर-जीवाश्म ईंधन से प्राप्त होती है।

## मुख्य बिंदु :

- भारत ने पेरिस समझौते के तहत राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) के तहत निर्धारित लक्ष्य से पांच साल पहले नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को हासिल कर लिया है।
- एनर्जी इंस्टीट्यूट की ग्लोबल एनर्जी की सांख्यिकीय समीक्षा के अनुसार, भारत ने वर्ष 2024 में 2,030 टेरावाट-घंटे बिजली का उत्पादन किया और इसमें से 240.5 टेरावाट-घंटे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त हुई।
- **भारत का 2030 का लक्ष्य:** भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा आधारित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## 16वां इंडिया ट्रेंड फेयर 2025

### ➲ चर्चा में क्यों?

▪ **15 जुलाई, 2025 को केंद्रीय कपड़ा मंत्री द्वारा जापान की आधिकारिक यात्रा के दौरान जापान में उद्योग जगत की भागीदारी को मजबूत करते हुए टोक्यो में इंडिया ट्रेंड फेयर 2025 का शुभारंभ किया।**




### ➲ मुख्य बिंदु :

▪ **16वां इंडिया ट्रेंड फेयर 2025 भारतीय कपड़ा निर्यातकों के लिए जापानी खरीदारों से सीधे जुड़ने के सबसे बड़े प्लेटफार्मों में से एक है, इससे दोनों देशों का कपड़ा व्यापार बढ़ने की संभावना है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **आयोजन तिथि :** 15 से 17 जुलाई, 2025
- **आयोजन स्थल :** टोक्यो (जापान)।
- **आयोजक :** जापान इंडिया इंडस्ट्री प्रमोशन एसोसिएशन (JIIPA)
- **सह-आयोजक :** परिधान निर्यात संवर्धन परिषद।
- **विशेष समर्थन :** भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय और भारतीय दूतावास, टोक्यो द्वारा।
- **प्रदर्शनी उत्पाद :** परिधान, भारतीय स्थानीय वस्त्र, चमड़े का सामान, गृह सज्जा और शिल्प उत्पाद।
- जापान इंडिया इंडस्ट्री प्रमोशन एसोसिएशन (JIIIPA) एक गैर-लाभकारी संगठन है जो भारत और जापान के बीच व्यापार को बढ़ावा देता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण और पारिस्थितिकी

## काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान - असम




### चर्चा में क्यों?

- काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान घास के मैदानों में रहने वाले पक्षियों के लिए जैवविविधता हॉटस्पॉट बनकर उभरा है।

### मुख्य बिंदु :

- इस उद्यान में किये गए चारागाह पक्षी सर्वेक्षण में कुल 43 पक्षी प्रजातियाँ दर्ज की गईं तथा इन प्रजातियों में दुर्लभ और संकटग्रस्त पक्षियों को भी शामिल किया गया जैसे-
  - **गंभीर रूप से संकटग्रस्त (Critically Endangered):** बंगाल फ्लोरिकन।
  - **संकटग्रस्त (Endangered):** फिन्स वीवर, स्वैम्प ग्रास बैबलर।
  - **सुभेद्य (Vulnerable) - 6 प्रजातियाँ:** ब्लैक-ब्रेस्टेड पैरटबिल, मार्श बैबलर, स्वैम्प फ्रैंकोलिन, जेरडॉन बैबलर, स्लेंडर-बिल्ड बैबलर, ब्रिस्टल्ड ग्रासबर्ड।
- इस उद्यान में फिन्स वीवर के सफल प्रजनन की पुष्टि हुई है, जो काज़ीरंगा की घासभूमि पारिस्थितिकी तंत्र की स्वस्थ स्थिति का संकेतक है।
- काज़ीरंगा उद्यान का 1,174 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पक्षियों के लिए एक समृद्ध आवास प्रदान करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यहाँ की घासभूमि में पक्षी विविधता गुजरात और राजस्थान जैसे राज्यों के समकक्ष मानी गई है।
- यह सर्वेक्षण पूर्वोत्तर भारत में पक्षी संरक्षण की दिशा में एक अहम पहल मानी जा रही है।

### काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान:

- यह उद्यान 'बिग फाइव' (गैंडा, बाघ, हाथी, एशियाई जंगली भैंसा, पूर्वी दलदली हिरण) के लिए जाना जाता है।
- पूर्वी दलदली हिरणों की लगभग पूरी आबादी यहीं पाई जाती है।
- काज़ीरंगा ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे स्थित है। यह नदी उद्यान को पोषक तत्त्व प्रदान करती है लेकिन कटाव (Erosion) के कारण आवासीय नुकसान भी पहुँचाती है।

### असम में स्थित राष्ट्रीय उद्यान:

1. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान,
2. मानस राष्ट्रीय उद्यान,
3. नामेरी राष्ट्रीय उद्यान,
4. डिब्रू-सैखोवा राष्ट्रीय उद्यान,
5. राजीव गांधी ओरंग राष्ट्रीय उद्यान,
6. रायमोना राष्ट्रीय उद्यान,
7. दिहिंग पटकाई राष्ट्रीय उद्यान।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण दिवस

## विश्व सर्प दिवस

### चर्चा में क्यों?

- विश्व सर्प दिवस (World Snake Day) हर साल 16 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिवस सांपों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके संरक्षण के महत्व को उजागर करने के लिए समर्पित है।




### मुख्य बिंदु :

- हाल ही में, राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, नई दिल्ली ने 'विश्व सर्प दिवस' के अवसर पर एक व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।
- 'वर्ल्ड स्नेक डे' की शुरुआत 1970 के दशक से हुई, जब टेक्सास में सांपों के लिए एक फर्म ने लोगों को सांपों के प्रति जागरूक करने का काम किया और 16 जुलाई को विशेष आयोजन किए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## व्यक्तित्व

## वर्षा देशपांडे

**चर्चा में क्यों?**



- **हाल ही में, महाराष्ट्र के सतारा ज़िले की अधिवक्ता वर्षा देशपांडे को वर्ष 2025 का संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार प्रदान किया गया।**

**मुख्य बिंदु :**

- **यह सम्मान उन्हें लिंग समानता को बढ़ावा देने और लिंग-चयनात्मक गर्भपात को रोकने हेतु किए गए उनके आजीवन कार्यों के लिए दिया गया।**
- **यह पुरस्कार विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई 2025) को न्यूयॉर्क में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया।**
- **वर्षा देशपांडे 'दलित महिला विकास मंडल' की सचिव हैं, जिसे उन्होंने 1990 में स्थापित किया था।**
- **यह पिछले तीन दशकों से लिंग आधारित भ्रूण हत्या के विरुद्ध सक्रिय रूप से संघर्ष कर रही हैं।**
- **उनका कार्य विशेष रूप से हाशिये पर मौजूद महिलाओं और लड़कियों के जीवन को बेहतर बनाने पर केंद्रित है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# डॉ. अभिजात शेठ

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केन्द्रीय कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने प्रसिद्ध कार्डियोथोरेसिक सर्जन डॉ. अभिजात शेठ को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।




## मुख्य बिंदु :

- डॉ. अभिजात शेठ, डॉ. सुरेश गंगाधर का स्थान लेंगे।
- डॉ. अभिजात शेठ का कार्यकाल पदभार ग्रहण की तिथि से 4 वर्ष या 70 वर्ष की आयु, इनमें से जो पहले हो, तक के लिए होगा।

### राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC):

- राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग एक वैधानिक निकाय है।
- इसकी स्थापना राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के तहत की गई थी।
- NMC ने भारतीय चिकित्सा परिषद (MCI) का स्थान लिया है।
- **स्थापना:** 25 सितंबर, 2020
- **कार्यकारी मंत्रालय:** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।
- **मुख्यालय:** नई दिल्ली।
- **कार्य या भूमिका:** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग देश का प्रमुख चिकित्सा नियामक निकाय है, जो चिकित्सा शिक्षा, संस्थानों, पेशेवरों और अनुसंधान को नियंत्रित करता है, नीति निर्माण में सरकार की सहायता करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सोनाली मिश्रा



➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, 1993 बैच की मध्य प्रदेश कैडर की आईपीएस अधिकारी सोनाली मिश्रा को रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की नई महानिदेशक (DG) नियुक्त किया गया।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **सोनाली मिश्रा इस पद को संभालने वाली पहली महिला अधिकारी होंगी।**
- **इनकी नियुक्ति को केंद्र सरकार की कैबिनेट नियुक्ति समिति ने 13 जुलाई, 2025 को मंजूरी दी।**
- **सोनाली मिश्रा का कार्यकाल 31 अक्टूबर, 2026 तक रहेगा।**


**रेलवे सुरक्षा बल (RPF):**

- **RPF की स्थापना वर्ष 1957 में संसद के एक अधिनियम के तहत की गई थी।**
- **वर्ष 1966 में RPF को गिरफ्तारी और अभियोजन की शक्तियाँ प्रदान की गईं।**
- **वर्ष 1985 में इसे केंद्र की सशस्त्र बल घोषित किया गया।**
- **RPF का मुख्य कार्य रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **असम के डिब्रूगढ़ में हाइड्रोकार्बन की खोज**<br><br>♦ ऑयल इंडिया लिमिटेड ने नामरूप के बोरहाट-1 कुएं में हाइड्रोकार्बन की उपलब्धता की खोज की है। इस कुएं में असम सरकार की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है।<br>♦ इस उपलब्धि के साथ असम देश का पहला राज्य बन गया है, जिसकी सरकार प्रत्यक्ष रूप से तेल उत्पादक बनी है।<br>♦ यह खोज न केवल राज्य के तेल अन्वेषण प्रयासों को सफल बनाती है, बल्कि असम को राजस्व और रॉयल्टी से सशक्त करती है। |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 2. जून, 2025 - ICC प्लेयर ऑफ द मंथ




♦ **जून, 2025 का ICC प्लेयर ऑफ द मंथ :**

| श्रेणी | खिलाड़ी | देश | कारण |
|---|---|---|---|
| महिला | हेली मैथ्यूज | वेस्टइंडीज | दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिए। |
| पुरुष | एडेन मारक्रम | साउथ अफ्रीका | ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ICC वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में प्रदर्शन के लिए मिला। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

3.

## देश का पहला एक्वा टेक पार्क



- हाल ही में, असम सरकार ने गुवाहाटी के पास सोनापुर में भारत के पहले एक्वा टेक पार्क का उद्घाटन किया।
- यह पार्क मछलीपालकों को एक्वापोनिक्स, बायोफ्लॉक और सजावटी मछली पालन जैसी आधुनिक तकनीकों की जानकारी देगा।
- **उद्देश्य :** इस पहल का उद्देश्य राज्य में मछली उत्पादन को बढ़ाना और किसानों की आय में वृद्धि करना है।
- **एक्वापोनिक्स -** एक प्रणाली जिसमें मछलियाँ और पौधे एकसाथ उगाए जाते हैं।
- **बायोफ्लॉक -** जल में जैविक तत्त्वों का प्रयोग करके मछलियों के स्वास्थ्य और विकास में सुधार।
- **एक्वा टेक पार्क -** एक्वा टेक पार्क एक ऐसा प्रशिक्षण और नवाचार केंद्र है, जहाँ मछली पालन की आधुनिक तकनीकों को प्रदर्शित, प्रशिक्षित और प्रोत्साहित किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **4.** | **भारत और अर्जेंटीना के बीच कृषि बैठक** |



- हाल ही में, भारत और अर्जेंटीना के बीच कृषि सहयोग पर संयुक्त कार्य समूह (JWG) की दूसरी बैठक वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई।

| | |
|---|---|
| **5.** | **भारत में टेस्ला कंपनी का पहला शॉरूम** |




- हाल ही में, महाराष्ट्र के मुंबई में टेस्ला कंपनी का पहला शॉरूम स्थापित किया गया।
- टेस्ला कंपनी भारत में अपनी उत्पादन इकाई स्थापित नहीं करेंगी बल्कि चीन से कारें आयात करेगी।
- टेस्ला संयुक्त राज्य अमेरिका की एक इलेक्ट्रॉनिक ऑटोमोबाईल निर्माता कंपनी हैं।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR